आज समाज

www.aajsamaaj.com

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 12 मई 2023

विक्रमी संवत 2080, अमांत-वैशाख, कृष्ण पक्ष सप्तमी, मूल्य, 2.00 रुपए


# मेले में 290 विद्यार्थियों को मिली नौकरी



विद्यार्थियों का साक्षात्कार करते हुए। आज समाज

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सेंटर फॉर करियर काउंसलिंग ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। जॉब फेयर का आयोजन देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष, अग्रवाल कॉलेज व प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में किया गया था।

जॉब फेयर का आयोजन डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी विंग व निदेशक सेंटर फॉर करियर काउंसलिंग ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट एवं संयोजिका डॉ. शिल्पा गोयल, डीन, प्रबंधन विभाग के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस जॉब फेयर का उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार देना था। इस मेला में तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों तरह की नौकरियों के अवसर दिए गए। इस जॉब फेयर में 30 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न कम्पनीज जैसे ने छात्रों का साक्षात्कार किया व नौकरी के अवसर प्रदान किए। रोजगार मेला यूजी और पीजी के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस रोजगार मेले की तैयारी कुछ दिन पूर्व ही शुरू हो गई थी। छात्रों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कराया। इस मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया। छात्रों के लिए ऑफ लाईन रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई।

इस मेले में अलग अलग कोर्सेस जैसे बीए, एमए, एमकॉम, एमएस, बीबीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए के फाइनल ईयर विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता दिखाई। जॉब मेले में छात्रों को एक लाख से 3.50 लाख रुपए तक के जॉब ऑफर हुए थे। इस मेले में लगभग 350 छात्रों ने पंजीकरण कराया था जिनमे से 290 छात्रों को विभिन्न कंपनियों ने अलग अलग पदों पर चयनित किया। सभी कंपनी का चयन करने का तरीका अलग था।